सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 190 | इंदौर, शुक्रवार 24 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## PM मोदी ने बच्चों से पूछा- टिफिन लाए हो...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वे संसद के सेंट्रल हॉल में स्कूल स्टूडेंट्स से मिले और उनसे बातचीत की। मोदी ने बच्चों से पूछा कि खाने का डिब्बा लेकर आए हो या नहीं। बच्चों के मना करने पर PM हंसकर बोले- बताओ तो मैं खाऊंगा नहीं। इसके अलावा PM ने बच्चों को सूर्योदय योजना के बारे में समझाया और बताया कि ये कैसे क्लाइमेट चेंज के खिलाफ अच्छी पहल है। उन्होंने बच्चों से 2047 तक का लक्ष्य पूछा। बच्चों ने बताया कि 2047 तक देश को विकसित बनाना है। पीएम ने बच्चों के साथ जय हिंद के नारे भी लगाए। PM मोदी ने बच्चों से 3:27 मिनट की बातचीत का वीडियो X पर शेयर किया। PM ने बच्चों से नेताजी सुभाष चंद्र बोस और देश के विजन को लेकर सवाल किए।

## 27 से तेज ठंड पड़ेगी, फिर गिरा पारा, ठंडी हवाओं के साथ बादल और कोहरे ने कंपकंपाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर, एजेंसी।** इंदौर में तीन दिन गर्मी के बाद शुक्रवार को सुबह तेज ठंड पड़ी। रात से ही तेज ठंडी हवाएं चलने लगी थी और सुबह लोग घरों में दुबके रहे। सुबह 9 बजे तक कोहरे और बादलों के कारण ठंड का अहसास भी अधिक हुआ। गुरुवार को इंदौर में दिन का तापमान 27 डिग्री और रात का तापमान 13.5 डिग्री रहा। मप्र में 27 जनवरी से फिर से तेज ठंड का दौर शुरू होगा। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के कारण फिर से ठंडी हवाएं चलना शुरू होंगी। मप्र के कई जिलों में बादल छाए रहेंगे और कोहरा भी बना रहेगा।

**दावत ने ली जान**

## पार्टी के बाद बिगड़ी परिवार की तबीयत, अस्पताल पहुंचने से पहले महिला की मौत

### पति-ससुर गंभीर

**शहडोल, एजेंसी।** ब्यौहारी थाना क्षेत्र के छतौनी गांव में पारिवारिक कार्यक्रम के बाद फूड प्वाइजनिंग का मामला सामने आया है। कार्यक्रम से लौटने के बाद एक ही परिवार के तीन सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई। इनमें से महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति और ससुर की हालत गंभीर है। तबीयत बिगड़ने के बाद परिवार के अन्य सदस्य एवं स्थानीय लोग सभी को अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया। बाकी लोगों को अस्पताल में उपचार दिया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार ब्यौहारी के छतौनी गांव के रहने वाले विक्रम सिंह के भाई के यहां कथा का कार्यक्रम था। विक्रम सिंह एवं उनकी पत्नी अंजू सिंह तथा विक्रम के पिता पहुंचे और खाना खाने के बाद रात में अपने घर लौट गए। विक्रम के भाई का घर उसी मोहल्ले में है। रात में घर में सोते हुए अचानक अंजू सिंह एवं पति विक्रम सिंह एवं महिला के ससुर की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद घर में मौजूद अन्य सदस्य एवं आस पड़ोस के लोग तीनों को सिविल अस्पताल ले गए, जहां रास्ते में अंजू सिंह की मौत हो गई। पति विक्रम एवं महिला के ससुर की हालत गंभीर बनी हुई है। उनका उपचार सिविल अस्पताल ब्यौहारी में किया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि अंजू सिंह की मौत हो गई है। पुलिस को परिवार के लोगों ने बयान दिया है, जिसमें यह बात आई है कि विक्रम सिंह के भाई के घर कथा का कार्यक्रम था। वहां से तीनों लोग खाना खाकर घर लौटे थे। ससके बाद से ही इन्हें दिक्कत शुरू हो गई।

# महेश्वर कैबिनेट में नारी सशक्तिकरण मिशन को मिलेगी मंजूरी

## सीएम साड़ी की बुनकर महिलाओं से करेंगे संवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार मां अहिल्याबाई होल्कर के पदचिन्हों पर चल रही है। सरकार उनके सुशासन, नारी शक्ति, विकास और परंपरा को चरितार्थ करती दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनकी छवि को अपनी कैबिनेट में आत्मसात करने के लिए कैबिनेट की बैठक का आयोजन शुक्रवार को महेश्वर में किया है।**

प्रदेश के विकास को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने डेस्टिनेशन कैबिनेट की पहल की है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यटन को बढ़ावा देने की अवधारणा को भी साकार करती है। बता दें, सीएम महेश्वर घाट पर मां नर्मदा की पूजा-अर्चना करेंगे। उसके बाद लोकमाता देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। यहां मां अहिल्याबाई की स्मृति में पौध-रोपण भी किया जाएगा। महेश्वर में मां नर्मदा के घाटों के साथ ही पूरे शहर को सजाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव महेश्वरी साड़ी तैयार करने वाली महिला बुनकरों से सीधी बात भी करेंगे। इसके बाद वे और उनके मंत्री मां अहिल्याबाई का महल भी देखने जाएंगे।

सीएम यादव ने इस कैबिनेट की बैठक को देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती वर्ष को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई का सम्पूर्ण जीवन लोक-कल्याण और सुशासन को समर्पित रहा है। राज्य सरकार देवी अहिल्याबाई के महिला सशक्तिकरण, किसान-कल्याण, सुशासन



की दिशा में दिखाए रास्ते पर चल रही है। उनकी ही तरह हमारी सरकार भी प्रदेश के पूर्ण विकास के लिए संकल्पित है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सिद्धातों को आदर्श राज्य की नीति-निर्माण में समाहित किया जाएगा। सीएम यादव ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन से हमें प्रेरणा मिली है। इसलिए हमारी सरकार ने महिला नेतृत्व और सशक्तिकरण की दिशा में कदम आगे बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि महेश्वर में आयोजित होने जा रही बैठक में नारी शक्ति को लेकर नई पॉलिसी की भी घोषणा की जाएगी।

### महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण पर केंद्रित नीति

राज्य सरकार अब महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए नारी सशक्तिकरण मिशन को मंजूरी देने जा रही है। यह नीति विभिन्न चरणों में महिलाओं और लड़कियों की देखभाल, सुरक्षा और कल्याण पर केंद्रित है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं जन्म से लेकर बुढ़ापे तक आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करना है, जिससे वे आत्मनिर्भर और स्वतंत्र बन सकें। यह नीति लड़कियों, महिलाओं, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्ग महिलाओं, साथ ही निराश्रित और तलाकशुदा महिलाओं सहित कई समूहों को लक्षित करती है। प्रमुख उपायों में, नीति स्वस्थ बच्चों के जन्म को सुनिश्चित करने के लिए गर्भवती महिलाओं के लिए पौष्टिक भोजन के प्रावधान की रूपरेखा तैयार करती है। यह सुरक्षा बढ़ाने के लिए गृह विभाग के सहयोग से लड़कियों के लिए सुरक्षा के मुद्दों पर भी जोर देती है।

### बाल विवाह रोकने को प्रोत्साहित करना

यह नीति नकारात्मक परिणामों वाली प्रथाओं के बारे में लड़कियों के बीच जागरूकता बढ़ाकर कम उम्र में विवाह से इंकार करने के लिए प्रोत्साहित करती है और उन्हें ऐसी स्थितियों से बचने के लिए सरकारी सहायता प्राप्त करने के बारे में शिक्षित करने का प्रावधान किए गए हैं। इसके अलावा, इस नीति का उद्देश्य कुपोषण को संबोधित करना और महिलाओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षा और पोषण को बढ़ावा देना है। यह महिलाओं को उनके कौशल और क्षमताओं के अनुरूप नौकरी के अवसर प्रदान करके वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाने पर भी ध्यान केंद्रित करती है। यह नीति महिलाओं के समग्र कल्याण और सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है।

**सीएम डॉ. मोहन यादव का बड़ा एलान**

# प्रदेश में 17 अलग-अलग धार्मिक स्थानों पर होगी शराबबंदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 17 धार्मिक शहरों में शराबबंदी की जाएगी। शुक्रवार को महेश्वर में होने वाली प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में इस बारे में निर्णय लिया जाएगा।**

सीएम ने कहा कि समाज में नशाखोरी की आदत खास कर शराब से परिवार के परिवार बर्बाद हो जाते हैं। यह एक बड़ा कष्ट है। शराब से सामाजिक बुराई आती है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को हम एक बड़ा निर्णय लेने जा रहे हैं। हमारी सरकार ने संकल्प लिया है। 17 अलग-अलग धार्मिक नगरों में शराबबंदी करने की घोषणा कर रहे हैं। कोई देशी नहीं कोई विदेशी नहीं। सभी प्रकार के धार्मिक शहरों में शराब की दुकानों में ताले लगाए जाएंगे।

### 200 दुकानें बंद होने से 400 करोड़ का नुकसान

धार्मिक नगरों में करीब 200 दुकाने बंद हो जाएगी। इससे सरकार को करीब 400 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान होगा। अभी आबकारी विभाग को शराब दुकानों से करीब 1400 करोड़ रुपए आय होती है। इस नुकसान की भरपाई के लिए सरकार नई नीति मे लाइसेंस फीस 20 प्रतिशत बढ़ाएंगे। इससे सरकार को करीब 2800 करोड़ रुपए पिछली बार की तुलना में अधिक मिलेंगे। वहीं, जिन जिलों में 80 प्रतिशत दुकानें 30 प्रतिशत लाइसेंस फीस पर रिन्यू होती है, उनको ही रिन्यू माना जाएगा। 80 प्रतिशत से कम होने पर दुकानों का आवंटन टेंडर से किया जाएगा।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर इंदौर को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई

# भिक्षा देने और भिक्षा लेने वालों के विरुद्ध दर्ज कराई गई दो एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के संदर्भ में कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत भिक्षा लेने और देने वाले दोनों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में भिक्षा लेने और देने के दो अलग-अलग मामलों में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा इंदौर में भिक्षा लेने और देने दोनों को प्रतिबंधित किया गया है। इंदौर भिक्षावृत्ति से पूरी तरह मुक्त होने की ओर तेजी से अग्रसर है।**

बताया गया कि आज 23 जनवरी 2025 को फरियादी भिक्षावृत्ति उन्मूलन दल अधिकारी फूल सिंह पिता मांगीलाल ने थाना भंवरकुआँ में उपस्थित होकर लिखित आवेदन पत्र दिया। यह आवेदन पत्र आरोपी मुकेश पिता बालाराम उम्र 48 साल निवासी 146 भावना नगर खड़वा नाका इंदौर के खिलाफ दिया गया। आवेदन के अनुसार बताया गया कि सोनाबाई पति बलराम निवासी 146 भावना नगर पालदा इंदौर द्वारा लगातार भंवरकुआँ चौराहे में भिक्षावृत्ति की जा रही है। इसके पूर्व प्रथम बार उनके पुत्र मुकेश से शपथ पत्र प्रस्तुत करने पर एक वर्ष पूर्व 23 जनवरी 2024 को इनको समझाइश देकर छोडा गया था। पुनः 27 अगस्त 2024 को इनके पुत्र मुकेश के शपथ पत्र प्रस्तुत किये जाने पर इनको दूसरी बार चेतावनी देकर छोड़ा गया था। पुनः 14 जनवरी 2025 को भंवरकुआँ चौराहे पर स्थित मंदिर में भिक्षावृत्ति करते हुए रेस्क्यू दल द्वारा इनको पकडा गया। कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा भिक्षा लेने और देने दोनों को भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत किये गए प्रतिबंधित आदेश के उल्लंघन पर आज सोनाबाई पति बलराम के लिए शपथ पत्र प्रस्तुत कर जिम्मेदारी लेने वाले भिक्षुक माँ के पुत्र मुकेश पर प्रकरण दर्ज कराया गया। अपराध धारा 223 बी एन एस का पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

इसी तरह एक अन्य मामले में आज फरियादी भिक्षावृत्ति उन्मूलन दल अधिकारी श्री फूल सिंह पिता मांगीलाल ने थाना भंवरकुआँ में उपस्थित होकर एफआईआर दर्ज कराई। इस प्रकरण में बताया गया कि यह प्रकरण अज्ञात आरोपी के खिलाफ दर्ज कराया गया है। प्रकरण के अनुसार 21 जनवरी 2025 को समय 10.15 पर खण्डवा नाका एवं अरिहंत कालेज के बीच में रोड के किनारे बने हनुमान मंदिर में एक अज्ञात युवक जो कि वाहन क्रमांक MP09 SG4361 में आया था, के द्वारा मंदिर के सामने बैठी भिक्षुक को भिक्षा देकर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा भिक्षावृत्ति के विरूद्ध जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन किया गया है। इस पर अपराध धारा 223 बी एन एस का प्रकरण पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

आई.पी.एस. एकेडमी में एल्यूमिनी मीट मिलाप आयोजित

## पुराने अध्यापकों व दोस्तों के साथ पुरानी कक्षा में बैठकर यादें ताजा की




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भूतपूर्व विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए गए कार्यक्रम मिलाप 2024 में सभी ने पुराने अध्यापकों व दोस्तों के साथ अपनी पुरानी कक्षा में बैठकर यादें ताजा की। आई.पी.एस. एकेडमी के प्रबंध संस्थान में हर वर्ष की तरह यह आयोजन सभी भूतपूर्व विद्यार्थियों के लिए पूर्ण जोष के साथ किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलीत कर सरस्वती वंदना एवं नृत्य प्रस्तुती के साथ की गयी संस्था निदेशक डॉ. विवेक सिंह कुषवाह के साथ विभागाध्यक्ष एवं सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में संस्था अध्यक्ष वास्तुवित अचल चौधरी एवं योगेन्द्र जैन ने वर्चुअल रूप में उपस्थित रहे। छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. कुशवाह ने संस्था की प्रगति को विस्तार में बताया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन डॉ. जया नेमा एवं डॉ. अंकित लड्डा ने किया। डॉ. रूचि मंत्री एवं सुश्री शिवांगी अमेरिया ने सक्रिय रूप से कार्यक्रम के आयोजन में योगदान दिया। इस मिलाप का उद्देष्य पुराने विद्यार्थियों को संस्था से जोडकर वर्तमान विद्यार्थियों को उनके अनुभवों से लाभान्वित कराना एवं आद्योगिक जगत की जरूरतों से अवगत कराना है। कार्यक्रम में 1996 से 2020 तक के लगभग 120 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया एवं अपने पुराने अध्यापकों व दोस्तों के साथ अपनी पुरानी कक्षा में बैठकर यादें ताजा की। देष के विभिन्न शहरों से आये छात्रों शामिल हुए और दोस्तों के साथ परिसर में घूमे और दोस्तों के साथ सेल्फी और फोटो भी खींची।

कार्यक्रम में संस्था के 2007 बेच के विद्यार्थी सौरभ शर्मा वाईस प्रेसिडेंट बिल बेरी फॉर्मास्यूटिकल एवं 2004 बेच के उद्यमी श्री सुमित जायसवाल एवं पंकज मीरचंदानी ने अपने ओद्योगिक जगत के अनुभवों को साझा करते हुए वर्तमान विद्यार्थियों को सफलता के सूत्र बताये। एल्युमिनाई ने जुनियर्स के साथ बिताए हुए पलों को याद करते हुए उनके स्वागत को सराहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विद्यार्थियो को स्मृति चिन्ह भेट किए गए। डॉ. जया नेमा ने कार्यक्रम का समापन करते हुए आभार प्रकट किया।

## 40 करोड़ रुपये क़ीमत की ज़मीन पर अवैध क़ब्ज़े के प्रयास को प्रशासन ने किया नाकाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिला प्रशासन व नगर निगम की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर ग्राम पिपल्याहाना के सर्वे नंबर 644 रकबा 4.905 चरनोई की जमीन पर हुए अवैध कब्जे को हटा दिया है। एसडीएम श्री घनश्याम धनगर ने बताया है कि हल्का पटवारी ग्राम पिपल्याहाना द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था कि ग्राम पिपल्याहाना स्थित भूमि खसरा क्रमांक 644 शासकीय चरनोई मद में दर्ज है। उक्त भूमि के पैकि रकबा 0.093 हेक्टेयर पर दो पक्के चबूतरे बनाकर उन पर मूर्ति स्थापित कर व शौचालय, टीनशेड बनाकर अतिक्रमणकर्ता के द्वारा अतिक्रमण किया गया है।**



जूनी इंदौर अनुविभागीय अधिकारी श्री घनश्याम धनगर एवं तहसीलदार श्री लोकेश आहूजा द्वारा मौके पर मामले की पुष्टि की गई तथा कलेक्टर श्री आशीष सिंह के आदेश से अनुविभागीय अधिकारी के निर्देशन में तहसीलदार ने आदेश उपरांत नगर निगम के साथ संयुक्त कार्रवाई कर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया। इस जमीन का रकबा 0.610 हेक्टेयर है। जिसका बाजार मूल्य 40 करोड़ से भी अधिक है। जांच में यह भी बात सामने आई कि वर्ष 2019 में भी अवैध कब्जे का प्रयास किया गया था एवं स्थानीय रहवासियों के अनुसार यहां कच्चा शमशान था जो कि राजस्व रिकॉर्ड में शासकीय चरनोई की मद में दर्ज है।

### किसानों से 2425 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा गेहूँ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राज्य सरकार किसानों की खुशहाली और समृद्धि के लिये निरंतर कार्य कर रही है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये प्रदेश के पंजीयन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 तक है। किसान ऐप के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। पंजीयन के लिये ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है। गेहूँ उपार्जन के लिये समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो गत वर्ष की तुलना में 150 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है।

### गणतंत्र दिवस समारोह का पूर्वाभ्यास आज

**इंदौर।** इंदौर में गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह 26 जनवरी को स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा। इस समारोह के लिये की जा रही तैयारियों का अंतिम पूर्वाभ्यास 24 जनवरी को सुबह ठीक 9 बजे होगा।

## अमानक स्तर के खाद्य सामग्री निर्माण करने पर एक संस्थान का लायसेंस निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर जिले में अपमिश्रित और अमानक स्तर के खाद्य पदार्थों के विक्रय और निर्माण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इसी सिलसिले में बुधवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान तिरुपति बेकर्स एवं कन्फेक्शनर्स का लायसेंस निलंबित कर निर्माण कार्य बंद करवाया गया।**



खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री मनीष स्वामी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा बुधवार 22 जनवरी 2024 को प्रतिष्ठान तिरूपति बेकर्स एवं कन्फेक्शनर्स, ग्राम बड़ियाकिमा नेमावर रोड का निरीक्षण किया गया। उक्त संस्थान द्वारा रॉ मटेरियल एवं विनिर्मित खाद्य पदार्थ का उचित भंडारण नहीं किया जा रहा था। लायसेंस को भी परिसर में प्रदर्शित नहीं पाया गया। तकनीकी व्यक्ति भी मौके पर उपस्थित नहीं था। फूड हेन्डलर्स द्वारा भी हाईजिन कन्डीशन का पालन नहीं किया जा रहा था। साथ ही संस्थान में एक्सपायर्ड सामग्री का उपयोग खाद्य पदार्थ के निर्माण में किया जा रहा था। तिरूपति बेकर्स एवं कन्फेक्शनर्स द्वारा संस्थान में वेफर्स निर्माण किया जा रहा था, इस हेतु खाद्य लायसेंस भी प्राप्त नहीं किया गया था। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा उक्त संस्थान से चार तरह के वेफर्स के नमूने जांच हेतु लिये गये। जिन्हें परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गये हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अगली कार्यवाही की जायेगी। संस्थान पर दो माह पूर्व भी निरीक्षण किये जाने पर खाद्य पदार्थ के लेबलिंग का उल्लंघन पाया गया था। आज निरीक्षण के दौरान पुनः खाद्य पदार्थों की पैकिंग में लेबलिंग उल्लंघन करते पाया गया। अनुज्ञप्ति की शर्तों के अनुपालन न किये जाने एवं लोक स्वास्थ्य के हित में उक्त संस्थान का लायसेंस निलंबित कर निर्माण कार्य बंद करवाया गया। इसी के साथ ही परिसर के प्रथम तल पर संचालित फर्म तिरूपति कन्फेक्शनर्स का निरीक्षण खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा माह नवम्बर में किया गया था तथा मौके पर खाद्य पदार्थों के नमूने लिये गये थे, जिनमें से खाद्य पदार्थ मैदा खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल द्वारा असुरक्षित घोषित किया गया था।

## रिहायशी इलाके में घुसा तेंदुआ

# तीन घंटे की मशक्कत के बाद बेहोश कर किया काबू

**इंदौर। इंदौर के देवगुराड़िया क्षेत्र के रहवासी क्षेत्र मान सरोवर नगर में गुरुवार को तेंदुए ने दस्तक दी। उसके खौफ से कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। तेंदुए ने किसी पर हमला नहीं किया। तीन घंटे की मशक्कत के बाद उसे वन विभाग की टीम ने ट्रेंकुलाइज किया और पूरी तरह बेहोश होने के बाद उसे पिंजरे में चिड़ियाघर ले गए।**



एक मकान की छत से गिरने के कारण तेंदुए के पैर में हलकी चोट भी है। तेंदुआ कॉलोनी के पास के रालामंडल अभयारण्य से आया था। होश में आने के बाद उसे फिर सुरक्षित फिर जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

तीन बजे रहवासियों ने तेंदुए को देखा। इसके बाद जैसे ही कॉलोनी में तेंदुआ होने की बात फैली तो लोग घर के बाहर निकल आए। तेंदुआ सबसे पहले सेठी परिवार के यहां देखा गया। उनका मकान खाली था और तेंदुआ सीढ़ी पर बैठा दिखाई दिया। कॉलोनी में रहवासियों ने हल्ला मचाया तो मकान से कूदते हुए तेंदुआ एक निर्माणाधिन मकान में घुस गया। तब तक वहां वन विभाग की टीम भी पहुंच गई थी। अफसरों ने मकान के बाहर जाल लगाया। एक टीम ट्रेंकुलाइजर करने वाली गन लेकर मकान के भीतर गई। गन से उसे बेहोश किया। इस बीच तेंदुए ने दो बार भागने की कोशिश की, लेकिन जाल लगा होने के कारण वह भाग नहीं सका। कुछ देर बाद वह बेहोश हो गया। फिर उसे जाल में पकड़ कर कर्मचारी बाहर लाए। फिर उसे पिंजरे में डालकर प्राणी संग्रहालय ले जाया गया।

### लड़की ने खिलौना समझा

कॉलोनी में एक किराने की दुकान के पास के मकान की सीढ़ी पर तेंदुआ बैठा था। किराने की दुकान पर एक लड़की आई और दुकानदार मनोज यादव से कहा कि बाहर खिलौना क्यों रखा है। दुकानदार ने बाहर देखा तो तेंदुए से उसकी नजर मिली। इसके बाद दुकानदार ने दूसरे लोगों को तेंदुआ कॉलोनी में आने की जानकारी दी। लोग लकड़ी-डंडे लेकर बाहर निकले। भीड़ देखकर तेंदुआ इधर-उधर भागने लगा। कॉलोनी की महिला पुष्पा महाजन ने बताया कि मेरे सामने से तेंदुआ निकला और निर्माणाधीन मकान में घुस गया। पहले मुझे लगा कि श्वान गया, लेकिन बाद में पता चला कि घर में तेंदुआ घुसा है तो फिर वह घर के भीतर चली गई।

### पांच एमएल के डोज से तेंदुआ बेहोश

वन विभाग के अधिकारी योहान कटारा ने बताया कि पांच एमएमएल दवाई का डोज देने के बाद तेंदुए को बेहोश होने में दस मिनट लगे। फिर हम जाल डालकर उसे बाहर ले आए। तेंदुए की उम्र दो साल के करीब है और वह ठीक है।

## 4 सब्जेक्ट में बैक आने से तनाव में

# बीई के छात्र ने आत्महत्या की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



इंदौर। सदर बाजार इलाके में एक बीई के छात्र ने आत्महत्या कर ली। 20 वर्षीय निकिल गजरे ने अपने घर के टावर पर बने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार, निकिल वैष्णव कॉलेज से बीई की पढ़ाई कर रहा था और फर्स्ट सेमेस्टर में चार विषयों में बैक आने के कारण वह मानसिक दबाव में था।

गुरुवार सुबह करीब 7 बजे निकिल के बड़े भाई ऋषभ ने उसे फंदे पर लटका हुआ पाया। परिवार तुरंत उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। निकिल के मामा प्रमोद ने बताया कि वह अपने माता-पिता और बड़े भाई के साथ इंदौर में रहता था। परिवार मूल रूप से सनावद का रहने वाला है और कुछ साल पहले इंदौर शिफ्ट हुआ था। निकिल के पिता रेडीमेड कपड़ों का व्यवसाय करते हैं। निकिल ने फर्स्ट सेमेस्टर के खराब परिणाम और चार विषयों में बैक की बात परिवार से छिपाई थी। दोस्तों के मुताबिक, वह इस समस्या को लेकर काफी परेशान था और डिप्रेशन में था। बताया गया कि घटना से पहले निकिल देर रात तक अपने दोस्त से मोबाइल पर बात कर रहा था। गुरुवार को उसे कॉलेज जाकर सेकेंड सेमेस्टर की फीस जमा करनी थी। सदर बाजार पुलिस के अनुसार, निकिल के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। उसका मोबाइल जब्त कर लिया गया है, और मामले की जांच जारी है।

# विधायक ने की बर्थ डे होर्डिंगों से तौबा, चौराहे पर लगे होर्डिंग खुद खड़े होकर निकलवाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में पिछले साल अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाने वाले भाजपा विधायक गोलू शुक्ला ने इस बार जन्मदिन के होर्डिंगों से तौबा कर ली है। वे गुरुवार सुबह मरीमाता चौराहे पर समर्थकों द्वारा लगाए गए होर्डिंग खुद निकलवाने पहुंचे। उन्होंने निगमायुक्त से भी कहा कि शहर में जहां भी उनके जन्मदिन के होर्डिंग दिखाई दे, वे उसे निकलवा सकते है।**



पार्षद जीतू यादव कांड के बाद भाजपा के नेता अब अपने जन्मदिन पर ज्यादा धूम-धड़ाका करने से बच रहे है। दरअसल तीन माह पहले जीतू यादव ने भी अपने जन्मदिन पर पूरे शहर में अवैध होर्डिंग लगा दिए थे और गलियों में डीजे की शोर करती गाडियां भी घुमवाई थी। जन्मदिन पर उसके इस कदम को शहर के प्रबुद्धजनों ने उचित नहीं माना था। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने तब अवैध होर्डिंगों को हटाने के निर्देश दिए थे, हालांकि दो नंबर विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में रिमूवल गैंग जीतू के दबाव में अवैध होर्डिंग हटा नहीं पाई थी। तीन नंबर के भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के समर्थक भी हर साल उनके जन्मदिन पर बैनर पोस्टर लगाते है, लेकिन इस साल गोलू ने उन्हें होर्डिंग बनैर लगाने से मना कर दिया। विधायक गोलू ने अपने समर्थकों से कहा कि वे होर्डिंग-बैनर पोस्टर में खर्च होने वाली राशि उन्हें दे दे, वे 21 कन्याओं के विवाह में उस पैसे को खर्च कर देंगे। शुक्ला ने कहा कि इंदौर स्वच्छता में सात बार नंबर वन है। वे शहर की सुरंदता बिगाड़ना नहीं चाहते है।

# पतियों का आंदोलन, पत्नियों की प्रताड़ना पर खुलकर बोले, पूरी सड़कें जाम, पुलिस हैरान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर के नितिन पडियार की आत्महत्या के बाद उसे इंसाफ दिलाने की लड़ाई तेज होती जा रही है। गुरुवार को शाम 5 बजे मरीमाता चौराहे पर हजारों की संख्या में लोग इक्ट्ठा हो गए। कई संस्थाओं ने इसमें आव्हान किया और लोगों को इक्ट्ठा किया। लगभग दो घंटे तक चौराहे के आसपास का पूरा क्षेत्र जाम रहा। लोग नितिन को इंसाफ दिलाने और पत्नी हर्षा शर्मा और उसके परिजन पर केस दर्ज करने के लिए अड़े रहे। पुलिस के आश्वासन के बाद आंदोलन खत्म हुआ।

### पुलिस को मिल जाता है ब्लैकमेलिंग का कारण

संस्था पौरुष के अशोक दशोरा ने बताया कि सभी लोग एक आवाज पर इक्ट्ठा हुए हैं और खुद आए हैं। आज देश में हजारों लड़के झूठे मुकदमों से परेशान हैं। पुलिस उन्हें ब्लैकमेल करती है और पत्नी और उसके परिजन लड़के को मरने पर मजबूर कर देते हैं। अशोक दशोरा ने कहा कि सरकार के आंकड़ों के मुताबिक लाखों लड़के इस तरह के मामलों में आत्महत्या कर चुके हैं और यह आंकड़ा तेजी से बढ़ता ही जा रहा है।

### 80 प्रतिशत मामले काउंसलिंग से सुलझ सकते हैं

प्रदर्शन में शामिल हुए उज्जवल स्वामी ने कहा कि 80 प्रतिशत मामले काउंसलिंग से ही सुलझ सकते हैं। छोटी छोटी बातों में झगड़े होते हैं और एक बार थाने और कोर्ट जाने के बाद मनमुटाव बढ़ते ही जाते हैं। उन्होंने कहा कि पारिवारिक मामलों को जितना जल्दी और आपसी सहमति से सुलझाया जा सके वही बेहतर है। अधिकतर मामलों में लोगों को कोई अच्छा मध्यस्त नहीं मिलता जिसके कारण रिश्ते टूट जाते हैं।

# उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने इंदौर के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फार आई का किया निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज इंदौर के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फार आई का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तथा मरीजों की संतुष्टि के महत्व पर जोर दिया तथा चिकित्सकों से कहा कि वे अपना कर्तव्य पूरी सावधानी और चिंता के साथ निभाएं। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां उपलब्ध अत्याधुनिक मशीनों का अवलोकन किया। उन्होंने अपने आँखों की



जाँच भी करायी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं और समस्याओं को लेकर डॉक्टर्स से चर्चा की। इस दौरान डॉ. प्रतीक व्यास, डॉ. डी.के. शर्मा, डॉ. अशोक व्यास, डॉ. सुमित शुक्ला आदि द्वारा अस्पतालों से संबंधित विभिन्न विषयों पर उप मुख्यमंत्री जी को जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या, सिविल सर्जन डॉ. जी.एल. सोडी, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फार आई के चिकित्सकगण आदि मौजूद थे।

एमपी में सड़क निर्माण घोटाला

# ठेकेदारों ने फर्जी बिल से निकाल लिए 37 करोड़ रुपए

## EOW ने किया बड़ा खुलासा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) में बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। विभाग के 5 ठेकेदारों ने मिलकर डामर खरीद के लिए फर्जी बिल जमाकरके 37 करोड़ रुपये निकाल लिए। अब EOW ने पांचों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बताया जा रहा है कि घोटाले में शामिल ठेकेदारों ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम, एस्सार, नायरा और अन्य कंपनियों से डामर खरिदने के फर्जी बिल जमा किए हैं। जबकि वास्तव में उन्होंने डामर खरीदा ही नहीं था। ईओडब्ल्यू के डीजी उपेंद्र जैन ने बताया कि जबलपुर की एडी कंस्ट्रक्शन ने दो प्रोजेक्ट से जुड़े 36 लाख रुपये के फर्जी बिल पेश किए थे।

### कभी खरीदा ही नहीं गया डामर

इसी तरह, विश्वकुसुम इंफ्राटेक के मालिक अखिलेश मेहता ने आठ परियोजनाओं के लिए बिल जमा करके 12 करोड़



रुपये निकाल लिए। धर्मेंद्र प्रताप सिंह की कंपनी वाली वष्णव एसोसिएट्स ने 12 परियोजनाओं के लिए कुल 23.57 करोड़ रुपये के फर्जी बिल जमा किए हैं। वहीं लाल बहादुर यादव ने दो पैकेज के लिए 79.94 लाख रुपये निकाले। अब्दुल अजीज ने दो पैकेजों के लिए 21.99 लाख रुपये के बिल जमा किए हैं। जांच में पता चला कि संबंधित कंपनियों में से किसी ने भी बिल जारी नहीं किया है। जिससे यह पुष्टि होती है कि डामर कभी खरीदा ही नहीं गया।

### क्या होता है डामर?

डामर एक प्रकार का जलरोधक और चिपकने वाले गुणों के कारण सड़क निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण सामग्री है। जिसका उपयोग टिकाऊ सड़क बनाने के लिए किया जाता है। इसका सही मात्रा में उपयोग भी किया जाना चाहिए।

## कैबिनेट बैठक : दाल बाफले, चूरमा लड्डू, दाल पानिए, बेसन गट्टे की सब्जी सहित अन्य व्यंजनी परोसे जाएंगे

# मंत्रियों को मिलेंगे मालवा निमाड़ के व्यंजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। आज शुक्रवार को पर्यटन नगरी महेश्वर में होने वाली मंत्रीमंडल बैठक के लिए तैयारियां जोरों पर है। नर्मदा रिट्रीट कैम्पस में एक बड़ा डोम तैयार किया गया है। बैठक में शामिल मंत्रियों को मालवी और निमाड़ी व्यंजन परोसे जाएंगे। दाल बाफले, चूरमा लड्डू, दाल पानिए, बेसन गट्टे की सब्जी सहित अन्य व्यंजन परोसे जाएंगे। माना जा रहा है कि कैबिनेट बैठक में धार्मिक नगरी में शराब बिक्री पर प्रतिबंध के फैसले को मंजूरी दी जाएगी।**

लोकमाता अहिल्या बाई होलकर का 300 वां जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इस मौके पर महेश्वर में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कैबिनेट बैठक करने का फैसला लिया। मुख्यमंत्री व अन्य मंत्री सुबह साढ़े दस बजे महेश्वर पहुंच जाएंगे। पहले अहिल्या प्रतिमा का पूजन होगा, फिर यहां मंत्रियों का सामूहिक फोटो सेशन होगा। दोपहर 12 बजे बैठक शुरू होगी। जिसमे प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे। जिस परिसर में बैठक होगी। उसे मालवी निमाड़ी अंदाज में सजाया गया है। दीवारों पर मांडने व संजा सजाए गए है। इसके अलावा रंग-बिरंगी वंदनदार भी सजाई गई है। परिसर के मुख्य गेट पर महेश्वर किले की प्रतिकृति बनाई गई है। महेश्वर में मुख्यमंत्री व मंत्री चार घंटे तक रुकेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से भोपाल रवाना हो जाएंगे। परिसर के समीप एक



हेलीपेड भी बनाय गया है। पहली बार निमाड़ में आने वाले महेश्वर में यह बैठक हो रही है। इससे पहले हनुमंतिया में भी कैबिनेट बैठक हो चुकी है।

### मंत्री मंडल रहेगा महेश्वर में

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने डेस्टिनेशन कैबिनेट की ऐतिहासिक पहल की है। यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के पर्यटन को बढ़ावा देने की अवधारणा को भी धरातल पर साकार करती है। शुक्रवार 24 जनवरी को लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की नगरी महेश्वर में राज्य सरकार कैबिनेट की बैठक करने जा रही है, जो देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती वर्ष को समर्पित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई का सम्पूर्ण जीवन लोक-कल्याण और सुशासन को समर्पित रहा है। राज्य सरकार देवी अहिल्याबाई द्वारा महिला सशक्तिकरण, किसान-कल्याण, सुशासन की दिशा में दिखाए मार्ग पर चलकर समग्र विकास को चरितार्थ करने के लिये संकल्पित है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सिद्धांतों एवं आदर्श राज्य की नीति एवं निर्माण में समाहित किया जायेगा। उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए महिला नेतृत्व एवं सशक्तिकरण की दिशा में सरकार ने प्रभावी कदम बढाए हैं।

# भोपाल में गवर्नर, इंदौर में सीएम मोहन यादव, धार में विजयवर्गीय फहराएंगे झंडा

## 22 जिलों में कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। गणतंत्र दिवस 2025 पर मध्य प्रदेश में ध्वजारोहण की पूरी तैयारी हो चुकी है। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री इंदौर में झंडा फहराएंगे। राज्यपाल मंगू भाई पटेल भोपाल में ध्वजारोहण करेंगे। अन्य मंत्रियों को भी अलग-अलग जिलों में यह जिम्मेदारी दी गई है। कुछ जिलों में कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे और मुख्यमंत्री के संदेश पढ़ेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने 26 जनवरी को लेकर कार्यक्रम जारी कर दिया है।**

भोपाल में राजकीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। गवर्नर मंगू भाई पटेल लाल परेड मैदान में झंडा फहराएंगे। वहीं, सीएम मोहन यादव इंदौर में झंडा फहराएंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर मुरैना में झंडा फहराएंगे। डेप्युटी सीएम जगदीश देवड़ा जबलपुर में और राजेंद्र शुक्ल रीवा में ध्वजारोहण करेंगे। मध्य प्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने ध्वजारोहण की पूरी सूची जारी कर दी है। इस सूची में कई मंत्रियों को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। जैसे, सागर में प्रह्लाद सिंह पटेल, झाबुआ में विजय शाह, धार



में कैलाश विजयवर्गीय, छिंदवाड़ा में राकेश सिंह ध्वजारोहण करेंगे। सिवनी में करण सिंह वर्मा, कटनी में उदय प्रताप सिंह, अलीराजपुर में संपत्तियां उईके, ग्वालियर में तुलसीराम सिलावट झंडा फहराएंगे। दतिया में एंदल सिंह कंसाना, नीमच में निर्मला भूरिया, नरसिंहपुर में गोविंद सिंह राजपूत, हरदा में विश्वास सारंग ध्वजारोहण करेंगे। निवाड़ी में नारायण सिंह कुशवाहा, उमरिया में नागर सिंह चौहान, शिवपुरी में प्रदुमन सिंह तोमर, मेहर में राजा सिंह ध्वजारोहण की जिम्मेदारी संभालेंगे। अनूपपुर में दिलीप अहिरवार, सतना में प्रतिमा बागड़ी, बैतूल में नरेंद्र शिवाजी पटेल, रायसेन में नारायण सिंह, उज्जैन में गौतम टेटवाल ध्वजारोहण करेंगे। सीधी में दिलीप जायसवाल, खंडवा में धर्मेंद्र लोधी, टीकमगढ़ में कृष्णा गौर, पन्ना में इंदर सिंह परमार, रतलाम में चैतन्य काश्यप, शिवपुरी में राकेश शुक्ला ध्वजारोहण करेंगे। इसके अलावा 22 जिलों में कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी करेंगे। इन जिलों में खरगोन, बड़वानी, सिंगरौली, बुरहानपुर, देवास, गुना, अशोकनगर, भिंड, मऊगंज, छतरपुर, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, मंडला, बालाघाट, शाजापुर, आगर मालवा, मंदसौर, शहडोल, विदिशा और डिंडोरी शामिल हैं। इस तरह, मध्य प्रदेश में गणतंत्र दिवस 2025 की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सभी जिलों में ध्वजारोहण के लिए व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। यह दिन पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

# माता-पिता की आंखों के सामने गर्म तेल की कढ़ाई में गिरा 2 साल का बेटा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। घर में गोद भराई का कार्यक्रम संपन्न हो चुका था। मेहमान जा चुके थे। साहू परिवार के लोग आपस में खुशी साझा कर रहे थे। वह इस बात से अनजान थे कि काल के क्रूर पंजे परिवार के दो वर्ष के बालक की तरफ बढ़ रहे हैं।**

कुछ देर बाद जब मासूम की चीख सुनाई दी, तो माता-पिता ने देखा कि बेटा गर्म तेल की कढ़ाई में पड़ा तड़प रहा है। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई।

यह दर्दनाक घटना निशातपुरा क्षेत्र के संस्कार गार्डन में सोमवार रात हुई। निशातपुरा थाना पुलिस के मुताबिक, शिव नगर, छोला निवासी राजेश साहू प्रतिष्ठित व्यापारी हैं। उनके दो बच्चों में सात वर्ष के आरू के अलावा दो वर्ष का अक्षांश भी था।

सोमवार को संस्कार गार्डन में उनके भतीजे की सगाई के साथ ही गोद भराई का कार्यक्रम था। रात 11 बजे तक अधिकतर मेहमान जा चुके थे। वहां मौजूद सिर्फ



परिवार के लोग खाना खाने के साथ ही आपस में खुशियां साझा कर रहे थे। उधर काम समाप्त होता देख हलवाई ने भी गर्म तेल की कढ़ाई भट्टी से उतारकर नीचे रख दी थी। स्वजन के आस-पास ठुमक-ठुमक कर खेल रहा मासूम अक्षांश अचानक कढ़ाई के पास पहुंच गया। वहां खेलते हुए संतुलन बिगड़ने से उसमें जा गिरा। चीख सुनकर सभी दौड़े और उसे पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। वह गले से नीचे लगभग 50 प्रतिशत झुलस गया था। मंगलवार सुबह अक्षांश की मौत हो गई।

## संपादकीय


# भारत की खास तैयारी

रक्षा मंत्रालय ने भारत में अगली पीढ़ी की पारंपरिक पनडुब्बियों के निर्माण की बहु-अरब डॉलर की योजना को आगे बढ़ाया है। मझगांव डॉक ने टेक्निकल ट्रायल में सफलता पाई है और अब टेक्निकल-कमर्शियल बातचीत के अगले चरण में प्रवेश कर गया है। यह प्रोजेक्ट करीब 43 हजार करोड़ रुपये का है। इसमें छह पनडुब्बियां भारत में बनाई जाएंगी। इसमें उच्च स्तर की ट्रेक्नोलॉजी ट्रांसफर भी शामिल है। इन पनडुब्बियों में AIP (Air Independent Propulsion) सिस्टम लगा होगा। इससे ये पनडुब्बियां दो हफ्ते तक पानी के नीचे रह सकेंगी। यह उनकी गोपनीयता को बहुत बढ़ा देगा। पहली पनडुब्बी अनुबंध पर हस्ताक्षर के लगभग सात साल बाद सेवा में आने की उम्मीद है। एमडीएल ने जर्मनी की कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स यानी टीकेएमएस के साथ मिलकर बोली लगाई थी। एक तकनीकी इंस्पेक्शन कमिटी ने बोली प्रक्रिया और पिछले साल हुई टेस्टिंग की जांच की। इसके बाद एमडीएल की बोली को मंजूरी मिल गई। नौसेना ने पहले कुछ कमियों की ओर इशारा किया था। ये कमियां समुद्र में परखे गए एआईपी सिस्टम की जरूरत से जुड़ी थीं। अब अगला कदम एमडीएल द्वारा जमा की गई कमर्शियल बोलियों को खोलना है। ऑफर की समीक्षा के बाद, तकनीकी पहलुओं और कमर्शियल शर्तों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके बाद लगभग 43 हजार करोड़ रुपये के प्रस्ताव को सक्षम अधिकारियों के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। यह एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है। इसमें छह पनडुब्बियां भारत में बनाई जानी हैं। साथ ही, इसमें तकनीकी ज्ञान का भी बड़ा ट्रेक्नोलॉजी ट्रांसफर भी होगा।

**अर्ज किया है..!**

*एक तेरे न होने से*
*मुझ पर*
*सौ तरह का*
*अज़ाब होता है*

*-मीर शम्सुद्दीन फ़ैज़*




## महिला जगत

# आज राष्ट्रीय बालिका दिवस



राष्ट्रीय बालिका दिवस लड़कियों के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह हमें याद दिलाता है कि समाज में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने और लड़कियों को समान अवसर देने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए।

भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह दिन समाज में बालिकाओं के अधिकार, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। आइए जानते हैं कि बालिका दिवस मनाने की जरूरत कब और क्यों महसूस की गई। इस लेख में ये भी जानिए कि पहली बार कब और कैसे भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया और साल 2025 की थीम क्या है।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस का इतिहास

राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुरुआत भारत सरकार ने 2008 में की। इसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (Ministry of Women and Child Development) द्वारा लॉन्च किया गया। बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य लड़कियों के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करना और उन्हें समान अवसर प्रदान करना है।

### 24 जनवरी को ही क्यों मनाते हैं बालिका दिवस?

24 जनवरी को बालिका दिवस मनाने की वजह इंदिरा गांधी से संबंधित है। दरअसल, देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 24 जनवरी 1966 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। एक बेटी के देश के सर्वोच्च पद पर आसीन होने पर इस खास दिन को बेटियों के नाम समर्पित करते हुए हर साल 24 जनवरी का दिन राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।

### बालिका दिवस 2025 की थीम

हर साल महिला एवं बाल विकास मंत्रालय राष्ट्रीय बालिका दिवस की थीम तय करती है। साल 2024 बालिका दिवस की थीम 'भविष्य के लिए लड़कियों का दृष्टिकोण' था। वहीं राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम है, 'सुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों का सशक्तीकरण'।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस उद्देश्य और महत्व

लैंगिक समानता को बढ़ावा देना।

लड़कियों की शिक्षा के महत्व को रेखांकित करना।

कन्या भ्रूण हत्या को रोकना।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों को प्रोत्साहित करना।

महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करना।

यह दिन समाज में लड़कियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देता है।

सरकार की योजनाओं को जैसे, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और बालिका शिक्षा अभियान को प्रचारित करना।

Gujrat

# गुजरात के आणंद में फैक्टरी पर एटीएस की छापेमारी करोड़ों रुपये की ड्रग्स के साथ पांच लोग गिरफ्तार

**अहमदाबाद, (एजेंसी)** गुजरात में आणंद जिले के खंभात में एक ड्रग निर्माण फैक्टरी पर छापेमारी की गई। डीआईजी एटीएस सुनील जोशी ने बताया कि एटीएस की कार्रवाई में करोड़ों रुपये की ड्रग्स बरामद की गई है। इसके साथ ही पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने आनंद जिले में अल्प्राजोलम बनाने वाली एक फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। यहां से 107 करोड़ रुपये की प्रतिबंधित दवा के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि आरोपियों ने खंभात शहर के पास एक फैक्टरी किराए पर ली थी। यहां नींद की गोलियों में इस्तेमाल होने वाले पदार्थ अल्प्राजोलम का उत्पादन किया जा रहा था। सहायक पुलिस आयुक्त (एटीएस) हर्ष उपाध्याय ने बतायास कि अल्प्राजोलम एक तरह का मादक पदार्थ है। इसके दुरुपयोग की वजह से यह नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के दायरे में आता है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस ने गुरुवार शाम को फैक्टरी पर छापा मारा और 107 करोड़ रुपये मूल्य का 107 किलोग्राम अल्प्राजोलम के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया।

Uttarpradesh

## लखनऊ में भीषण सड़क हादसा, ट्रक ने SUV-वैन को मारी टक्कर, 4 की मौत



**लखनऊ, (एजेंसी) यूपी की राजधानी लखनऊ में इंदिरा नहर के पास तीन वाहनों की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई. इस हादसे में सात घायल भी हुए हैं. घटना बीबीडी थाना क्षेत्र में हुई. हादसा तब हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने वैन और कार को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं.**

लखनऊ पुलिस के मुताबिक, एक एसयूवी को पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी और फिर एक वैन भी उसमें जा घुसी. इस दुर्घटना में वैन में सवार तीन और एसयूवी में सवार एक व्यक्ति समेत चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए. मृतकों की पहचान शहजाद (40), किरण यादव (38), कुंदन (20) और हिमांशु (17) के रूप में हुई है.

पुलिस ने बताया कि घायलों को राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर बताई गई है. गुरुवार देर शाम हुई इस घटना की जांच चल रही है. ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है. शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा. वहीं, पुलिस ने कुछ ही देर में दुर्घटनास्थल से मलबा हटाकर किसान पथ पर यातायात को सुचारू कर दिया.

Uttarakhand

## उत्तरकाशी में सुबह-सुबह दो बार महसूस किए गए भूकंप के झटके, वरुणावत पर्वत से गिरा मलबा

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तरकाशी और आसपास के कई इलाकों में शुक्रवार को दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। दहशत के चलते लोग घरों से बाहर निकल आए। लोगों में भय का माहौल है। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से सभी तहसीलों से जानकारी जुटाई जा रही है। बताया जा रहा है कि पहले सुबह करीब 7 बजकर 42 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस हुए। भूकंप के कारण वरुणावत पर्वत के भूस्खलन जोन से मलबा और पत्थर गिरे। इसके बाद दोबारा 8 बजकर 19 मिनट पर फिर झटके महसूस हुए, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.5 रही। भूकंप का केंद्र जमीन से पांच किमी नीचे उत्तरकाशी में था। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने अधिकारियों को जिले की सभी तहसील क्षेत्रों में भूकंप के असर के बारे में सूचना जुटाने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल जिले में कहीं से भी जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

Bihar

## मोकामा शूटआउट में बड़ी कार्रवाई, सोनू सिंह और अनंत सिंह का समर्थक रौशन गिरफ्तार

**पटना, (एजेंसी)** मोकामा में पूर्व विधायक अनंत सिंह और सोनू-मोनू गैंग के बीच गैंगवार मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में दोनों पक्षों के एक-एक आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक सोनू-मोनू गैंग के सोनू सिंह की गिरफ्तारी की गयी है। इसके साथ पुलिस ने रौशन सिंह नामक एक युवक को दबोच लिया है जो अनंत सिंह का समर्थक बताया जाता है। एसपी राकेश कुमार ने इसकी पुष्टि की है। बुधवार को मोकामा के पंचमहला थाना क्षेत्र नौरंगा जलालपुर गांव में दोनों पक्षों की ओर से जमकर गोलीबारी की गयी थी जिसमें पुलिस ने तीन प्राथमिकी दर्ज किया है।इस बीच खबर है कि मोकामा में एक बार फिर गोली चलाई गयी है। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। एसपी राकेश कुमार ने पुष्टि की है।



बताया जा रहा है घटना के बाद पुलिस की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही थी। इसके तहत पुलिस ने सोनू सिंह को दबोच लिया है। समाचार चैनल न्यूज18 की रिपोर्ट के अनुसार उसकी गिरफ्तारी घर से पास से की गयी है। घटना के बाद सोनू सिंह लगातार मीडिया के सामने आ रहा था। उसने अनंत सिंह को खुली चुनौती भी दी कि 68 साल के अनंत सिंह 34 साल के सोनू से कैसे आगे निकल सकते हैं।

खेल

अंडर-19 टी20 महिला विश्व कप

## गोंगदी तृषा के दमदार प्रदर्शन के बदौलत भारत जीता श्रीलंका को 60 रन से हराकर सुपर 6 में पहुंचा

**कुआलालंपुर, (एजेंसी) सलामी बल्लेबाज गोंगदी तृषा की 49 रन की पारी और तेज गेंदबाजों की नयी गेंद से शानदार गेंदबाजी से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां श्रीलंका पर 60 रन की एकतरफा जीत के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए आईसीसी अंडर-19 टी20 महिला विश्व कप के सुपर सिक्स में प्रवेश किया।**



बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में तृषा ने 44 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया जिससे भारत को नौ विकेट पर 118 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मिथिला विनोद (10 गेंद में 16 रन) और वीजे जोशीथा (नौ गेंद में 14 रन) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाए।

इसके बाद तेज गेंदबाज जोशीथा (17 रन पर दो विकेट) और शबनम शकील (नौ रन पर दो विकेट) ने शुरुआती चार ओवर में दो-दो विकेट झटक कर श्रीलंका का स्कोर चार विकेट परनौ रन कर दिया। अगले ओवर में कप्तान मनुडी नानायक्कारा के रन आउट होने से उसकी 12 रन तक आधी टीम पवेलियन पहुंच गई। श्रीलंका की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 58 रन ही बना सकी। भारत ने ग्रुप चरण के अपने अभियान को तीन मैचों में तीन जीत के साथ खत्म किया।

श्रीलंका के लिए रश्मिका सेवांडी (12 गेंद में 15 रन) ही दोहरे अंक में रन बना सकी। वह अच्छी लय में दिख रही थी लेकिन जरूरी रन रेट को कम करने के लिए पारुणिका सिसोदिया (सात रन पर दो विकेट) की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में मिथिला विनोद को कैच देकर आउट हो गई। आयुषी शुक्ला (13 रन पर एक विकेट) और मलयेशिया के खिलाफ पांच रन पर पांच विकेट लेने वाली वैष्णवी शर्मा (चार ओवर में तीन रन पर एक विकेट) ने भी श्रीलंका के बल्लेबाजों को रन बनाने का मौका नहीं दिया।

सिनेमा

## श्रेयस तलपड़े और आलोक नाथ पर FIR दर्ज, करोड़ों की धोखाधड़ी से जुड़ा है मामला



बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े और आलोक नाथ पर एफआईआर दर्ज की गई है। ये एफआईआर हरियाणा के सोनीपत जिले के निवासी विपुल अंतिल ने मुरथल पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है। विपुल अंतिल ने दावा किया है कि इंदौर (मध्यप्रदेश) में रजिस्टर्ड ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी 50 लाख से ज्यादा लोगों के करोड़ों रुपये लेकर भाग गई है। विपुल ने ये भी बताया कि श्रेयस तलपड़े और आलोक नाथ ने इस कंपनी का प्रमोशन किया था। वहीं सोनू सूद इस कंपनी के कार्यक्रम में बतौर चीफ गेस्ट शामिल हुए थे। विपुल अंतिल द्वारा दर्ज की गई शिकायत के मुताबिक, इस कंपनी ने 6 साल तक लोगों से पैसे जमा कराए। कंपनी ने लोगों से वादा किया कि वे फिक्स्ड डिपॉजिट(FD) समेत दूसरे तरीकों से कंपनी में पैसा लगाने पर ज्यादा रिटर्न देंगे। इतना ही नहीं, लोगों का भरोसा जीतने के लिए कंपनी ने बॉलीवुड एक्टर्स से प्रमोशन कराया, महंगे और बड़े होटलों में सेमिनार कराए और शुरू में कुछ लोगों को पैसे भी दिए। लेकिन, अब कंपनी लोगों के पैसे देने में आनाकानी कर रही है। शिकायतकर्ता ने बताया कि हरियाणा में इनके 250 से ज्यादा सुविधा केंद्र थे। ये सुविधा केंद्र एजेंट चलाते थे और बड़े अधिकारी सिर्फ ऑनलाइन मोड पर काम करते थे। जब लोगों ने दफ्तरों में जाकर हंगामा मचाना शुरू किया तब ये एजेंट सुविधा केंद्र में ताला लगाकर भाग गए।




1. **Flights, trains delayed due to fog, temperature falls in Delhi**
2. **TMC wants to save RG Kar culprits: BJP on death penalty demand**
3. **Video shows Farooq Abdullah singing 'Tune Mujhe Bulaya Sherawaliye' bhajan**
4. **Doctor pays ₹26,000 for rooms near Nainital, later finds out hotel doesn't exist**

# Shark Tank India reminds Harsh Goenka of iconic movie 'Jaws.' He explains why

**NEW DEIHI, (Agency).** Sharing his thoughts on Shark Tank India, RPG Group chairman and billionaire Harsh Goenka, in a rather humourous way, said the show reminds him of Steven Spielberg's iconic movie 'Jaws', as 'sharks' from Shark Tank India are 'bleeding.'

Goenka shared a table of alleged losses suffered by companies led by judges of Shark Tank India, which is in its fourth season.

"I enjoy #SharkTankIndia as a program and I think it is a great platform for our budding entrepreneurs. But whenever I think of sharks, I think of the movie 'Jaws' and bleeding!" he posted on X.

The table claims that Aman Gupta-led boAt



made a profit of ₹79 crore in financial year 2022, while Amit Jain's CarDekho, Anupam Mittal's Shaadi.com, Lenskart of Peyush Bansal, and Vineeta Singh-led SUGAR Cosmetics, made losses of ₹246 crore, ₹20 crore (FY20), ₹12 crore and ₹75 crore, respectively.

Other entrepreneurs who are judges on season 4 of Shark Tank India are Namita Thapar (Emcure Pharma), Ritesh Agarwal (Oyo), Kunal Bahl (Snapdeal), Azhar Iqubal (Inshorts), Varun Dua (Acko General Insurance) and Viraj Bahl (Veeba Consumer Products).

Anupam Mittal reacts

Reacting to Harsh Goenka's post, Anupam Mittal suggested that the data was 'superficial,' 'biased' and incomplete.

"I know you meant it in jest so with all due respect sir, I think u reacted to what appears to be superficial, biased & incomplete data. Happy to learn from stalwarts, but just to clarify, like u, the sharks don't bleed red, we bleed blue & that's why we do what we do," Mittal wrote.

# Zee Entertainment Q3 profit jumps nearly 3-fold at ₹164 crore

**NEW DEIHI, (Agency).** India's Zee Entertainment Enterprises reported a sharp rise in third-quarter profit and margins on Thursday, boosted by cost cutting measures which offset lower advertisement revenue.

Shares of the broadcaster closed up 2.4% after the results.

Zee reported a profit of 1.64 billion rupees ($18.96 million) for the three months ended Dec. 31, compared to 585 million rupees a year ago.

Its subscription revenue rose 6.6% to 9.8 billion rupees, benefiting from the




implementation of a 2022 tariff order which gave broadcasters more leeway to increase prices of TV channels.

However, ad revenue declined 8.5%, due to what the company described as a "sluggish festive season" that resulted in lower marketing spend by consumer facing companies. As a result, total revenue declined 3%.

With recovery in ad revenues still elusive, the company has in recent quarters sharpened its focus on cutting costs and reducing losses in its streaming business Zee5.

Zee reported third-quarter core profit margin of 16.1% compared to 10.2% a year ago. It has said it is targeting a margin of 18%-20% by fiscal year 2026.

Its operational costs declined 16% year-on-year driven by lower programming and technology cost, while total expenses fell 10%.

# पीएनसी-केकेआर 9,000 करोड़ रुपये का सौदा

## एनएचएआई से 8 संपत्तियों की मंजूरी, जनवरी के अंत तक दो और की उम्मीद

**मुंबई। इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी पीएनसी इंफ्राटेक को एनएचएआई से बुंदेलखंड और खजुराहो सडक़ परियोजनाओं के लिए दो सहायक कंपनियों (एसपीवी) में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी को केकेआर समर्थित हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट को ट्रांसफर करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है।**

इसके साथ, पीएनसी-केकेआर सौदा 31 मार्च 2025 तक पूरा होने की राह पर है क्योंकि पीएनसी इंफ्राटेक लेनदेन के लिए शर्तों (सीपी) को पूरा करने की प्रक्रिया में है। सौदे के तहत प्रमुख सीपी में से एक में हाइवे प्राधिकरणों से नियंत्रण अनुमोदन में बदलाव और परियोजनाओं के लिए ऋणदाताओं से अनापत्ति प्रमाण पत्र शामिल थे। पीएनसी ने अब 8 परिसंपत्तियों के लिए एनएचएआई से नियंत्रण में बदलाव की मंजूरी प्राप्त कर ली है, और 2 और परिसंपत्तियों के लिए मंजूरी जनवरी 2025 तक मिलने की उम्मीद है। लगभग सभी ऋणदाताओं से एनओसी भी प्राप्त कर ली गई है।

### मास्टर प्लान की सड़कों को लेकर सिटी बस ऑफिस में बैठक

# क्वालिटी से नहीं होगा समझौता : विजयवर्गीय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर की मास्टर प्लान की सड़कों को लेकर सिटी बस ऑफिस में गुरुवार को बैठक हुई। जनप्रतिनिधियों से लेकर नगर निगम और जिला प्रशासन के कई अधिकारी इसमें शामिल हुए। बैठक में सभी से सुझाव लिए गए।साथ ही अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए। इस बैठक में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर आशीष सिंह, आयुक्त शिवम वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, नगर निगम और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।**



मीडिया से चर्चा करते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि, नगर निगम और जिला प्रशासन के साथ बैठकर सभी जनप्रतिनिधियों के साथ सुझाव कर शहर का विकास कैसा हो इसका मार्गदर्शन हमने लिया है। सड़कों के लगभग 500 करोड़ के टेंडर हो चुके हैं। भविष्य में 500 करोड़ की सड़कों की और प्लानिंग है। इसी प्रकार 1-1 हजार करोड़ के ही नमामी गंगे योजना और अमृत 2 के अंतर्गत ड्रेनेज और पानी के काम हमने तय किए हैं। मूलभूत सुविधाएं होती हैं, ड्रेनेज, पानी और सड़क इन तीनों के लिए हमने टेंडर निकालने के आदेश दिए है। कई टेंडर हो भी चुके हैं। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि, सीएम डॉ.मोहन यादव इंदौर आएंगे। उनके साथ सारी सड़कों का भूमिपूजन कराएंगे। शहर में विकास तेज गति से हो, क्वालिटी सड़कें बने, इस बात के निर्देश हमने नगर निगम को दिए हैं। महापौर से आग्रह किया है कि, हर 15 दिनों में वे निर्माण कामों की समीक्षा करें। जो भी सड़कें बने, वहां के ठेकेदार का नाम, जो सुपर विजन करने वाला हो, उसका नाम-नंबर भी लिखे। थर्ड पार्टी एजेंसी भी जो उसका सुपर विजन करेगी। हम क्वालिटी से कॉम्प्रोमाइज नहीं चाहते हैं। क्वालिटी सड़कें बने, क्वालिटी पाइप लाइन बिछे, क्वालिटी ड्रेनेज का काम हो, इस दिशा में हम लोग काम कर रहे हैं। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि, एसटीपी के पानी का उपयोग अच्छे से अच्छा हो, इसके लिए हमने 12 करोड़ रुपए की रेवती रेंज के लिए स्वीकृति प्रदान की है। रेवती रेंज में हम पानी ले जाएंगे। 12 लाख 40 हजार पौधों को जिंदा रखने के लिए। ये भी एक रिकॉर्ड बनेगा। सभी पेड़ों को जिंदा रखने के लिए हम संकल्पबद्ध है। हमने अगले साल 51 लाख पौधे लगाने की प्लानिंग की है। हमने संकल्प लिया है कि, जब तक इंदौर का तापमान चार से पांच डिग्री कम नहीं होता, तब तक वृक्षारोपण करेंगे। हमने सभी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर शहर के भविष्य प्लान के बारे में भी चर्चा की है, सुझाव लिए हैं। इंदौर शहर सफाई में ही नंबर वन नहीं इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी नंबर वन हो, इस दिशा में काम करेंगे। शहर के ट्रैफिक सुधार को लेकर भी चर्चा की गई है।




आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक